दैनिक भास्कर 23/02/2023

# डॉ. गुरदेव सिंह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार मानद के रूप में मनोनित

अम्बाला | शिक्षाविद् और सिख बुद्धिजीवी डॉ. गुरदेव सिंह को हरियाणा के संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों पर आयोग को सलाह देने के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के सलाहकार (मानद) के रूप में मनोनित किया गया। उन्हें हरियाणा के अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण और विकास के लिए अपने जनादेश की उपलब्धि के लिए आयोग की सहायता, सलाह और मार्गदर्शन करने के लिए एनसीएम आयोग के सामुदायिक नेताओं के पैनल का सदस्य मनोनित किया गया। वह एनसीएम के साथ अपने राज्य के सिख समुदाय के सभी मामलों को उठाएंगे और आयोग को अपनी सलाह भी देंगे। डॉ. गुरदेव सिंह हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रिंसिपल हैं। वह गुजरांवाला गुरु नानक खालसा कॉलेज लुधियाना के प्रिंसिपल पद पर भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। वर्तमान में वह अम्बाला कैंट जीएमएन कॉलेज के प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हैं।